# आकाशवाणी शिमला
## 05.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास और आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कर रही है लगातार काम।
- ई–केवाईसी सत्यापन नहीं करवाने वाले पैंशन धारकों की सामाजिक सुरक्षा पैंशन अस्थायी तौर पर बंद।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का भारत स्काअटस एंड गाइडस से नशे के विरूद्ध लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने का आहवान।
- भाजपा प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने कहा पंचायत चुनाव टालने के लिए एस एल पी दायर करना कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का प्रमाण।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने बुधवार को ऊना जिला के अंब उपमंडल में 16 करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि इन विकास योजनाओं से क्षेत्र की सड़क और पुल अधोसंरचना सुदृढ़ हुई है। इससे आवागमन सुगम होगा और ग्रामीण अर्थव्यस्था को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास और आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़कें व पुल केवल भौतिक संरचनाएं नहीं बल्कि गांवों के विकास और आत्मनिर्भरता के सेतु हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलित व टिकाऊ विकास सुनिश्चित हो।

## सामाजिक सुरक्षा पैंशन

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग ने राज्य में उन सभी सामाजिक सुरक्षा पैंशन धारकों की पैंशन अस्थायी तौर पर बंद कर दी है जिन्होंने निर्धारित अवधि में अपना ई–के वाई सी सत्यापन नहीं करवाया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने ऐसे सभी लाभार्थियों से अपील की है कि वे 15 फरवरी तक सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना ई–केवाईसी सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अंतिम अवसर के बाद भी सत्यापन नहीं करवाने वाले लाभार्थियों की सामाजिक सुरक्षा पैंशन स्थायी तौर पर बंद कर दी जाएगी।

## धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए 2 सौ करोड़ रूपए खर्च होंगे। इसके लिए पांच नये विद्युत सब स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। धर्माणी कल ग्राम पंचायत बम्म के कोटलू में विद्युत सब स्टेशन के भूमि पूजन के मौके पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिला का पहला एक सौ 32 केवी सब स्टेशन घुमारवीं के करयालग में शीघ्र स्थापित किया जाएगा। इससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति और सुदृढ़ होगी। धर्माणी ने ये भी कहा कि सरकार चरणबद्ध ढंग से विद्युत क्षेत्र में बड़े सुधार ला रही है।

## डीसी शिमला

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने शहर के संजौली–ढली बाईपास पर चलौंठी में फोरलेन निर्माण कार्य से प्रभावितों को तुरंत राहत प्रदान करने के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिए हैं। फोरलेन निर्माण कार्य से प्रभावित सड़क व घरों को लेकर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सड़क का बार–बार धंसना मुददा बन गया है जिससे जनता में आक्रोश पैदा हो रहा

है। उन्होंने एन एच ए आई को 15 दिनों के भीतर मुआवजे की सारी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क पर पड़ी दरारों को भी एक महीने के भीतर भरने और सड़क पर चेतावनी संकेत लगाने को कहा।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा है कि केंद्र सरकार ने हमेशा ही हिमाचल की दिल खोलकर आर्थिक मदद की है। संदीपनी भारद्वाज ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार द्वारा आरडीजी को समाप्त करने के मुददे पर कहा कि ऐसा केवल हिमाचल के साथ नहीं हुआ है बल्कि 17 राज्यों में इसे बंद किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर इस मुददे पर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि यदि मुख्यमंत्री इस मुददे को केंद्र सरकार के साथ गंभीरता से उठाना चाहते हैं तो उन्हें पहले भाजपा विधायक दल के साथ बैठक करनी चाहिए।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भारत स्काउट्स व गाइड्स का आहवान किया है कि वह नशे के विरूद्ध प्रदेश सरकार की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाए। रोहित ठाकुर बीते रोज मंडी जिला के रिवालसर में स्काउटस एंड गाइडस की राज्य परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को नशे जैसी कुरीतियों से मुक्त करने में युवा पीढ़ी अपनी सार्थक भूमिका निभा सकती है। शिक्षा मंत्री ने इस मौके पर स्काउटस एंड गाइडस को दी जाने वाली ग्रांट–इन–एट में वृद्धि का आश्वासन दिया है ताकि संस्था की गतिविधियां बिना किसी बाधा के निरंतर चलती रहे।

**रणधीर शर्मा**

भाजपा प्रवक्ता व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा पंचायत चुनाव टालने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एस एल पी दायर करना कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का प्रमाण है। रणधीर शर्मा ने सोलन में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि सुक्खू सरकार जनता के बीच जाने से घबरा रही है क्योंकि उसे संभावित हार का डर सता रहा है। यही कारण है कि सरकार बार–बार पंचायत चुनाव टालने का प्रयास कर रही है। उन्होंन सुप्रीम कोर्ट में एस एल पी दायर करने के सरकार के कदम को तानाशाही पूर्ण बताया कि और कहा कि सरकार का लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं रह गया है।

**उज्जवला योजना**

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। प्रदेश के हमीरपुर जिला में उज्जवला योजना 3 प्वाइंट जीरो के तहत अभी तक 5 सौ 23 पात्र लाभार्थियों को रसोई गैस कनैक्शन दिए जा चुके हैं। जिले के लाहड़ गांव की पायल का कहना है कि ये सुविधा मिलने के बाद वह अपने परिवार को अब अधिक समय दे पा रही है।

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को परंपरागत चूल्हों से मुक्ति दिलाना और उन्हें स्वच्छ व सुलभ ईंधन उपलब्ध करवाना है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे हमीरपुर संवाददाता हरीश नंदा की ये **रिपोर्ट**

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से......**

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

**अमर उजाला और दैनिक जागरण** ने प्रदेश सरकार द्वारा पंचायत चुनाव टालने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एस एल पी दायर करने को अपनी प्रमुख खबर बनाया है।

मौसम पर **दैनिक भास्कर** लिखता है **प्रदेश में तीन दिन बाद धूप खिलने से तापमान में आया 8 डिग्री तक उछाल, पांच दिन साफ रहेगा मौसम, ठंड से मिलेगी निजात**